No. of Printed Pages : **3**

4065

Register Number

Language – Part A – HINDI – Paper II

Time Allowed : 2½ Hours] [Maximum Marks : 100

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नजर आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) उत्तर लिखने के लिए काले या नीले स्याही का उपयोग करें।

Instructions : (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use Black or Blue ink to write.

I. **किसी एक** कहानी का सारांश लिखिये : **1x15=15**

(1) (a) खरगोश की एक और रेस

(b) सदाचार का तावीज़

(c) मुगलों ने सल्तनत बख्श दी

II. **किसी एक** विषय पर **तीन सौ** शब्दों का निबंध लिखिये : **1x15=15**

(2) (a) विद्यार्थी जीवन (b) पुस्तकालय (c) युगपुरुष गाँधी

III. **कोई एक** पत्र लिखिए : **1x10=10**

(3) (a) छात्रवास से लाभ : - मित्र के नाम पत्र लिखिये

(b) अध्यापक को छुट्टी-पत्र लिखिए।

IV. **किसी पाँच** प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्यों में लिखिए : **5x2=10**

(4) भाषा किसे कहते हैं ?

(5) व्याकरण किसे कहते हैं ?

(6) सर्वनाम की परिभाषा दीजिये।

(7) कर्म की दृष्टि से क्रिया के भेद क्या-क्या हैं ?

(8) काल किसे कहते हैं ?

(9) विस्मयादिबोधक शब्द विकारी है या अविकारी।

(10) प्रत्यय का दूसरा नाम क्या है ?

(11) संबंध बोधक की परिभाषा दीजिए।

[Turn over

 www.tnschools.co.in

V. (12) सही मिलान कीजिए : 5x1=5

(a) पाठशाला - जातिवाचक संज्ञा

(b) लड़का - सकर्मक क्रिया

(c) वे - कर्ता कारक

(d) लिखता है - यौगिक शब्द

(e) औरत ने - पुरुषवाचक सर्वनाम

VI. (13) निम्नलिखित को शुद्ध कीजिए : 5x1=5

(a) नौकर ने फल लाया।

(b) हमसे यह काम कर सका।

(c) आप कहना सही है।

(d) पानी बहती है।

(e) तुम्हारा नाम बताओ।

VII. (14) निम्नलिखित के लिंग बदलिए : 5x1=5

(a) लड़का

(b) वृद्ध

(c) माता

(d) घोड़ा

(e) बकरा

VIII. (15) वचन बदलिए : 5x1=5

(a) टोकरा

(b) राजा

(c) कलम

(d) यात्रा

(e) रोटी

IX. (16) वाच्य बदलिये : 2x2½=5

(a) राम पाठ पढ़ता है ।

(b) राम ने रावण को मारा।

www.tnschools.co.in

X. (17) निम्नोक्त गद्यांश का **एक - तिहाई** में संक्षिप्त कर लिखिये : **1x5=5**

जुलूस के बारे में उस कार्यकर्त्ता को भी कुछ मालूम नहीं था। इसलिए वह ऐसा उत्तर नहीं दे सका जिससे गाँधीजी को संतोष हो। गाँधीजी बाहर निकले और सीधे जुलूस के पास पहुँचे। जुलूस के आगे एक सुन्दर हट्टा-कट्टा बकरा चल रहा था। उसके गले में फूलों की मालायें लटक रही थीं। माथे पर टीका लगा हुआ था। वह देवी का भोग था। कुछ ही समय में उसके खून से देवी का खप्पर भरा जानेवाला था। इसलिए लोग भोग चढ़ाने के लिए बड़ी धूम-धाम से उसे देवी के स्थान पर ले जा रहे थे। यह सब देखकर लोगों के अंधविश्वास का चित्र गाँधीजी के सामने खड़ा हो गया। उनका दिल करुणा और दया से भर उठा। जुलूस शोर मचाता हुआ आगे बढ़ता जा रहा था। थोड़ी देर के लिए अपने काम का विचार छोड़कर गाँधीजी भी जुलूस के साथ हो लिये और उस बकरे के साथ-साथ चलने लगे। लोग अपनी ही धुन में मस्त थे। इसलिए किसी का भी ध्यान गाँधीजी की ओर नहीं गया।

XI. निम्नलिखित को अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए। **10x2=20**

(18) जितना चाहो, उतना खाओ।

(19) जिनके पास पैसा है, उसे हम अमीर कहते हैं।

(20) ज़रा उसे बाहर जाने दीजिए।

(21) वह लड़का जल्दी सोने लगता है।

(22) जोसफ़ मुंबई से आया होगा।

(23) अब कोई बालक बाहर न जाए।

(24) रविवर्मा ने यह तस्वीर बनायी थी।

(25) राम से एक गाय खरीदी गयी।

(26) वे मुस्कुराते हुए बोले।

(27) मैं ने आज चार पाठ पढ़े।

-oOo-